प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 19.11.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

थाना नागफनी पुलिस द्वारा, 01 और हत्यारोपी को गिरफ्तार किया गया-

अवगत कराना है कि दिनांक 15.11.2024 को वादी मौ0 मोहसीन पुत्र स्व0 मौ0 रफीक निवासी मैराज वाली गली दौलतबाग थाना नागफनी मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर वादी के भाई की चाकू मारकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना नागफनी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना नागफनी पर मु0अ0सं0–278/2024 धारा-191(2),191(3),190,103(1)बीएनएस पंजीकृत कराया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक 15.11.2024 को अभियुक्त इकराम पुत्र शमशाद निवासी अन्डे वाली गली थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद व दिनांक 18.11.2024 को दिलशाद पुत्र शमशाद निवासी अन्डे वाली गली दौलतबाग थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। उक्त क्रम में आज दिनांक 19.11.2024 को थाना नागफनी पुलिस द्वारा अभियुक्त शाहनावाज पुत्र शमशाद निवासी अन्डे वाली गली दौलतबाग थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से आला कत्ल एक अवैध चाकू बरामद किया गया, अवैध चाकू की बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गई है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

शाहनावाज पुत्र शमशाद निवासी अन्डे वाली गली दौलतबाग थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद

बरामदगीः-

आला कत्ल एक अवैध चाकू

गिरफ्तार करने वाली टीम-

प्र0नि0 सुनील कुमार
उ0नि0 सलाउद्दीन
उ0नि0 अंकुर मलिक
का0 आकाश कुमार
का0 अर्जुन कुमार थाना नागफनी, मुरादाबाद।

जनपद मुरादाबाद
पद नाम